# अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
## Atal Bihari Vajpayee Medical University, Uttar Pradesh

**यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी 2025)**

**जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष)**

**में प्रवेश के लिए ऑनलाइन ऑन कैम्पस स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग**

**शैक्षणिक सत्र 2025–26**

## ऑनलाइन ऑन कैम्पस स्पेशल स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग दिशा निर्देश एवं सूचना बुलेटिन

**ऑनलाइन ऑन कैम्पस स्पेशल स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय सारणी**

| क्रम सं | विवरण | दिनांक और समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ | **13–09–2025 (शनिवार)** |
| 2 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की समाप्ति | **20–09–2025 (शनिवार) शाम 06:00 बजे तक** |

**दस्तावेज सत्यापन और योग्य अभ्यर्थी के रैंक के आधार पर सीट आवंटन के लिए काउंसिलिंग स्थल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग का कार्यक्रम 20–09–2025 ( शनिवार) को शाम 08:00 बजे प्रकाशित किया जाएगा।**

**संभावित काउंसिलिंग तिथि: 23–09–2025 (मंगलवार)**

| | |
|---|---|
| **काउंसिलिंग स्थल का पता**<br><br>Click to view in Google Map | **अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी, यूपी**<br>सीजी सिटी, सुल्तानपुर रोड,<br>लखनऊ–226002, |

**Website** - www.abvmuup.edu.in

**Email** - abvmuupget2025@gmail.com

**Helpline Contact No:** 9889383770, 9889383774 (10:00 AM-6:00 PM)

जीएनएम पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों के लिए काउंसिलिंग का **स्पेशल स्ट्रे राउंड (Special Stray Round)** चरण आयोजित किया जा रहा है। काउंसिलिंग के इस चरण में भाग लेने के लिए, अभ्यर्थी को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा और फिर निर्धारित तिथि और निर्धारित समय पर सीट आवंटन के लिए काउंसिलिंग परिसर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

## स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए पात्रता

### निम्नलिखित अभ्यर्थी काउंसिलिंग के स्पेशल स्ट्रे राउंड में भाग लेने के पात्र होंगे

- सभी योग्य अभ्यर्थी जिन्होंने राउंड 1, राउंड 2, मॉप अप और स्ट्रे राउंड में भाग नहीं लिया है।
- सभी योग्य अभ्यर्थी जिन्होंने काउंसिलिंग के राउंड राउंड 1, राउंड 2, मॉप अप और स्ट्रे राउंड में भाग लिया है और उन्हें किसी भी कॉलेज में कोई सीट आवंटित नहीं की गई है।
- योग्य अभ्यर्थी जिन्हें सीट आवंटित की गई है और उन्होंने प्रवेश नहीं लिया है।
- योग्य अभ्यर्थी जिन्होंने किसी कॉलेज में प्रवेश लिया है और 25.07.2025 को या उससे पहले आवंटित कॉलेज से त्यागपत्र दे दिया है।

### निम्नलिखित अभ्यर्थी काउंसिलिंग के स्पेशल स्ट्रे राउंड में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे

- जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई है और आवंटित कॉलेज द्वारा प्रवेश दिया गया है।
- वे अभ्यर्थी जिन्हें आवंटित कॉलेज में प्रवेश मिला है और जिन्होंने 25.07.2025 के बाद त्यागपत्र दे दिया है।

## रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

अभ्यर्थी द्वारा काउन्सिलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, यूपीजीईटी 2025 की आधिकारिक वेबसाइट www.abvmuup.edu.in के माध्यम से किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया निम्न प्रकार है:

1. पात्र अभ्यर्थी अपने मौजूदा लॉगिन **(आवेदन फॉर्म भरते समय प्रयुक्त लॉगिन)** के माध्यम से काउन्सिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। पोर्टल पर लॉगिन करने के लिए अभ्यर्थियों को www.abvmuup.edu.in पर अपने **यूपीजीईटी 2025 रजिस्ट्रेशन आईडी और पासवर्ड** का उपयोग करके लॉगिन करना होगा।
2. रजिस्ट्रेशन के समय अभ्यर्थी द्वारा यूपीजीईटी 2025 में भरी गई प्राथमिक जानकारी यथा अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम और माता का नाम आदि स्वतः पहले से ही भरी रहेगी।
3. अभ्यर्थी अपनी जन्म तिथि, लिंग और श्रेणी (कैटेगरी) रजिस्ट्रेशन के समय अपडेट कर सकते हैं।
4. जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रक्रिया के समय 12वीं कक्षा की परीक्षा (10+2) बोर्ड परीक्षा में **Appearing** अंकित किया था, उन्हें **12वीं कक्षा (10+2) के अंक अपडेट करने होंगे।**
5. अभ्यर्थियों को अपना निम्न विवरण भी अपलोड करना होगा।
   a. हाई स्कूल प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं) और
   b. 12वीं कक्षा (10+2) की परीक्षा इंटरमीडिएट मार्कशीट/अंकों का विवरण।
   c. एएनएम मार्कशीट/अंक विवरण (यदि लागू हो)
6. अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
   a. 500/– रुपये ऑनलाइन काउन्सिलिंग रजिस्ट्रेशन शुल्क **(गैर वापसी/Non-Refundable)**
   b. सीट आवंटन से पहले काउंसिलिंग स्थल पर क्रेडिट/डेबिट कार्ड या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा एबीवीएमयू यूपी को **सीट पुष्टि शुल्क 5000/–** (केवल पॉच हजार रुपये) का भुगतान करना होगा।
   c. **डिमांड ड्राफ्ट "UP GNM Entrance Test 2025"** के पक्ष में लखनऊ में देय होना चाहिए।
   d. **जिन अभ्यर्थियों ने सीट पुष्टि शुल्क पहले ही जमा कर दिया है, उन्हें पुनः पुष्टि शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
   काउंसिलिंग और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह राशि आवंटित कॉलेज को हस्तांतरित कर दी जाएगी तथा ट्यूशन फीस में समायोजित कर दी जाएगी।
7. अभ्यर्थियों को स्पेशल स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग पंजीकरण फॉर्म और सत्यापन फॉर्म का प्रिंटआउट लेना होगा , जिसे काउंसिलिंग स्थल पर रिपोर्टिंग के समय जमा करना होगा।

8. अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग स्थल पर सीट आवंटन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।
9. अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज लाने होंगे, **अन्यथा वे काउंसिलिंग और प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।**
10. सभी अभ्यर्थियों के पास काउंसिलिंग के समय मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र (सरकारी मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल/जिला सीएमओ द्वारा जारी) होना चाहिए, **अन्यथा वे काउंसिलिंग और प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।**
11. काउंसिलिंग स्थल पर जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की स्व–सत्यापित एक सेट फोटोकॉपी की सूची:
    - I. 1 पासपोर्ट आकार की सफेद पृष्ठभूमि में नवीनतम रंगीन (कलर) फोटो।
    - II. फोटो पहचान प्रमाणपत्र (आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आदि)।
    - III. आवेदन भरते समय अपलोड की गई सत्यापन शीट (verification sheet)।
    - IV. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा (10+2)/समकक्ष परीक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र/मार्कशीट/अंकों का विवरण।
    - V. जन्म तिथि दर्शाने वाला बोर्ड का प्रमाणपत्र (कक्षा 10वीं उत्तीर्ण प्रमाणपत्र)।
    - VI. 12वीं कक्षा (10+2) माइग्रेशन/स्थानांतरण प्रमाणपत्र।
    - VII. एएनएम कोर्स सर्टीफिकेट (यदि लागू हो)।
    - VIII. मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र।
    - IX. यदि लागू हो तो अभ्यर्थी को निम्नलिखित प्रमाणपत्र भी साथ लाने होंगे:
        - a. केवल उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार/एसडीएम) द्वारा जारी एससी/एसटी जाति प्रमाणपत्र।
        - b. 01 अप्रैल 2025 को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र। ओबीसी श्रेणी का उल्लेख उत्तर प्रदेश की ओबीसी–एनसीएल (नॉन क्रीमी लेयर) की सूची में होना चाहिए।
        - c. सूचना बुलेटिन में उल्लेखित विधिवत गठित और अधिकृत मेडिकल बोर्ड से जारी बेंचमार्क विकलांगता (पीडब्ल्यूबीडी) प्रमाणपत्र।
        - d. जिला मजिस्ट्रेट से जारी स्वतंत्रता सेनानी आश्रित प्रमाणपत्र।
        - e. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) प्रमाणपत्र।
        - f. अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र (ईसाई/जैन/मुस्लिम) ।
12. **सीट आवंटन और स्वीकृति के बाद, यदि कोई अभ्यर्थी कॉलेज में रिपोर्ट नहीं करता है, तो उसकी आवंटित सीट रद्द कर दी जाएगी और सीट पुष्टि शुल्क रू0 5000/– जब्त कर लिया जाएगा।**
13. **ऑन स्पॉट पंजीकरण की कोई सुविधा नहीं है।**
14. **किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ होगा।**

## अति महत्वपूर्ण नोटः

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे**

- **सीट मैट्रिक्स से कॉलेज के बारे में जानकारी (साख), छात्रावास और परिवहन सुविधाओं आदि की जांच करें और साथ ही इनका कॉलेज से भी सत्यापन करें।**
- **संस्थान की भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) मान्यता का सत्यापन करें।**

https://www.indiannursingcouncil.org/nursing-institute-for-the-year-2024-25